### वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय बिहार का पहला विवि है, जहां पर इस सुविधा की शुरुआत की गई है व प्रशिक्षण भी दे दिया गया

# कार्यशाला में दूसरे दिन भी दी गई ट्रेनिंग

**वीर कुंवर सिंह विवि**

आरा | **निज प्रतिनिधि**

वीर कुंवर सिंह विवि के जगजीवन राम सभागर में चल रहे कार्यशाला के दूसरे दिन सभी विभागों के डीन को ट्रेनिंग दी गयी। उद्घाटन प्रो. सैयद मुमताजुद्दीन ने किया। मौके पर बोलते हुए उन्होंने ने कहा कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय हर कार्यों में आगे रहता है।

तकनीक के क्षेत्र से लेकर अन्य सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय बिहार का पहला विवि है, जहां पर इस सुविधा की शुरुआत की गई है व प्रशिक्षण भी दे दिया गया। आनॅलाइन कोर्स 16 भाषाओं में उपलब्ध है। छात्रों को ऑनलाइन कोर्स के लिए अपना ईमेल आईडी देना होगा। उसी के आधार पर एक यूनिक आईडी दिया जाएगा, जिसके माध्यम से वे पढ़ाई कर आत्मनिर्भर बन सकते है।

आईआईटी मुंबई के ऐश्वर्य द्वारा इससे संबंधित विभिन्न बिंदुओं की जानकारी वर्कशॉप में भाग लेने वाले लोगों को दी गई। कार्यक्रम मानव संसाधन विकास जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में वर्कशॉप के बाद पीजी छात्रों को इसकी ट्रेनिंग मिलेगी। बुधवार को प्रशिक्षण में चारों संकायो के डीन सहित अन्य शामिल थे। यह वर्कशाप पिछले दो दिनों से चल रहा है। पहले दिन पीजी के छात्रों को ट्रेनिंग दी गई। इस दौरान छात्रों को आईआईटी मुम्बई सहित अन्य कोर्स को ऑनलाइन कराने के बारे में बताया गया था।




वीर कुंअर सिंह विवि में सॉफ्टवेयर ट्रेनिंग कार्यक्रम में शामिल वीसी व अन्य। ● हिन्दुस्तान

**समाजसेवा व राष्टीय हित के बारे में छात्रों** योजना एसबी कॉलेज द्वारा बुधवार को एक नुक्कड़-नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को समाजसेवा व राष्ट्रहित के बारे में जानकारी दी गई। इसकी शुरूआत सुनो रे भाई, सुनो रे बंधु एनएसएस क्या है?

तुम्हें समझाऊ बोल-बोलकर छात्रों को इकट्ठा किया गया। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य अनिल कुमार सिन्हा ने कहा कि एनएसएस देश के अंदर युवाओं में राष्ट व राष्ट प्रेम जगाने का काम कर रहा से कम नहीं है। कार्यक्रम पदाधिकारी पूनम कुमारी ने कहा कि एनएसएस भारत के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। बच्चों को दूसरे की सेवा के लिए प्रेरित करना चाहिए।

मौके पर अभिषेक कुमार शर्मा, गौरव कुमार, नवीन कुमार शर्मा, रामनारायण मिश्रा, नवीन प्रकाश शर्मा, शुभम कुमार, अमृत सिंह, अमित गौतम, सौरव कुमार, अमित कुमार, राजेश, रवीन्द्र, आकाश, अरुण पांडेय, अविनाश, रोहण सहित

## आदेश के बाद भी नहीं जमा हुआ एकेडमिक कैलेंडर

**आरा।** शैक्षणिक सत्र 2017-18 के लिए एकेडमिक कैलेंडर के साथ-साथ आयोजित किये जाने वाली परीक्षाओं की लिस्ट जमा करने का निर्देश देने के बाद भी अब तक जमा नहीं किया गया। बीते साल दिसम्बर में ही इस संबंध में निर्देश दिया गया था, लेकिन आजतक विवि प्रशासन द्वारा जमा नहीं किया गया। विवि के पूर्व सीनेट सदस्य अजय कुमार तिवारी उर्फ मुनमुन ने इस मामले को लेकर आवाज उठायी थी। मंगलवार को राजभवन में हुई बैठक में एकेडमिक कैलेंडर व परीक्षा कैलेंडर जमा करने का सख्त निर्देश विवि के अधिकारियों को दिया गया

## 19 मई से आयोजित की जाएंगी परीक्षा

**आरा।** बीडी कॉलेज बिहिया में शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की बैठक की गई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि इंटर के सत्र 2016-18 की परीक्षा 19 मई से कराया जाएगा। इस परीक्षा में पास करने वाले छात्रों को ही अगले वर्ग में नामांकित किया जाएगा। इस मौके पर प्राचार्य सह सचिव हरेन्द्र सिंह, अरुण पांडेय, सुनील शर्मा, जितेन्द्र तिवारी, नवकेश तिवारी, विकास कुमार, मुकेश नदंन, वरुण कुमार, विश्वनाथ प्रसाद, बबीता पांडेय, अंजनी सिंह, कष्णा प्रसाद, संजय कुमार, कन्हैया सिंह, उषा मिश्रा, सुप्रिया कुमारी, शिवानंद पाठक सहित अन्य थे।

**बीजेपी के खिलाफ बोलने वालों की दबायी जा रही आवाजः आरा।** छात्र राजद वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अध्यक्ष भीम यादव ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि बीजेपी के खिलाफ बोलने वालों पर हमला किया जा रहा है। बुधवार को पटना में आक्रोश मार्च कर रहे राजद कार्यकर्ताओं पर बीजेपी के कार्यकर्ताओं द्वारा किये गये हमले लोकतंत्र के लिए खतरा है। मौके पर राजा पासवान, जेपी सिंह, अभिषेक ठाकुर, सुधीर यादव, केडी, अनुप मौर्य, सन्नी कुशवाहा, बसंत यादव, बीटू मिश्रा, कुंदन ठाकुर, सोनू राय सहित अन्य छात्र नेता रहे।

**एमसीए में 20 जून तक होगा नामाकंनः आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय द्वारा एमसीए सत्र 2017-20 के छात्रों का नामाकंन बीस जून तक किया जाएगा। अगले सप्ताह इसकी परीक्षा ली जाएगी। एमसीए निदेशक ध्यानेन्द्र कमार ने बताया कि

# घर बैठे आईआइटी मुंबई से कोर्स कर सकते है छात्र

आरा | निज प्रतिनिधि

वीर कुंवर सिंह विवि के जगजीवन राम सभागर में इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी कोर्स को ले कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन साइंस डीन डॉ ध्यानेन्द्र कुमार व सीसीडीसी पीसी दूबे ने किया। मौके पर बोलते हुए वक्ताओं ने कहा कि आईआइटी मुम्बई का कोर्स छात्र घर बैठे ऑनलाइन कर सकते है।

अब छात्रों को कोर्स करने के लिए मुम्बई या अन्य जगहों पर जाने की जरुरत नहीं है। कोर्स करने के बाद छात्रों को असानी से नौकरी मिल जाएगी। वर्तमान दौर सूचना व टेक्नोलॉजी का है। सभी को सूचना तंत्र का भरपूर लाभ उठाया चाहिए। इसमें पीजी छात्रों ने भाग लिया।

- पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से छात्रों को दी गई जानकारी
- वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

**11** वीं की आंतरिक परीक्षा हो गयी है शुरू

संबंधित विभिन्न बिंदुओं की जानकारी वर्कशॉप में भाग लेने वाले लोगों दी गई। यह कार्यक्रम मानव संसाधन विकास मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा संचालित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में वर्कशॉप के बाद पीजी छात्रों को इसकी ट्रेनिंग

अंगीभूत कॉलेज के छात्रों को मिलेगा। छात्रों को पावर प्वाईंट प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। इसमें डिसटेंस एजूकेशन, ऑनलाइन पढ़ाई व परीक्षा की व्यवस्था के बारे में बताया गया। छात्रों को बताया कि फेल होने के बाद भी दोबारा वे शामिल हो सकते है।

राय, सेट्रल कॉर्डिनेटर बीके मिश्रा सहित अन्य थे। **आंतरिक परीक्षा शुरूः आरा।** ज्ञानोदय प्लस उच्च माध्यमिक विद्यालय बभनौली में इंटर 11वीं की आंतरिक परीक्षा शुरू होगी गई है। परीक्षा 23 मई तक चलेगी। निर्देशक धर्मेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा चल

## विवि

## मोबाइल अंदर ले जाने पर अड़े परीक्षार्थी

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के तहत आने वाले एमडीआरपीडीएम कॉलेज भभुआ में चल रहे बीसीए की परीक्षा में मोबाइल अंदर ले जाने को लेकर छात्र अड़े रहे। छात्रों का कहना था कि वे परीक्षा में बिना मोबाइल का काम नहीं हो पायेगा। वहीं विवि प्रशासन ने मोबाइल अंदर ले जाने से रोक दिया। परीथार्थियों को कल्कुलेटर ले जाने की अनुमति दी गई। इसके बाद परीक्षा शुरू हुआ। **पीजी की चौथे दिन हुई परीक्षा : आरा।** पीजी की चौथे दिन परीक्षा हुई। विवि प्रशासन के लाख प्रयास के बाद भी नकल नहीं रुक पा रही है। परीक्षार्थी आराम से सेंटर के अंदर चीट-पुर्जे लेकर प्रवेश कर रहे है। हालांकि विवि के परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि नकल नहीं हो रही है। उड़नदस्ता टीम परीक्षा सेंटरों प जाकर जांच कर रही है। नि.प्र.